## ...ालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

...–पत्र संख्या :–119/2021

...CMS NO:- 2021/221

पीठासीन अधिकारी :–श्योराम (आर.ए.एस.)

दायर दिनांकः 05.08.2021

मनराज पुत्र छोटूलाल जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।

–प्रार्थी–

**बनाम**

1. रामबिलास पुत्र मोती धाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
2. रामकरण पुत्र मोती धाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
3. कमलेशपुत्र मोती धाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
4. राजूलाल पुत्र मोती धाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
5. सोराजपुत्र मोती धाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
6. बंटी पुत्र मोती धाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
7. नन्दलाल पुत्र छोटूधाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
8. मदनलाल पुत्र छोटू पुत्र मोती धाकड जाति धाकड निवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
9. केशर बैवा रामा जाति बैरवानिवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
10. प्रेम पुत्री रामा जाति बैरवानिवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
11. बरधीलाल पुत्ररामा जाति बैरवानिवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
12. माधो पुत्र रामा जाति बैरवानिवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
13. सीता पुत्री रामा जाति बैरवानिवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
14. सोहनी पुत्रीरामा जाति बैरवानिबासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
15. हजारी पुत्ररामा जाति बैरवानिवासी ग्राम चावण्डपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
16. राजस्थान सरकार भू–स्वामी जर्ये तहसीलदार साहब नैनवां जिला बून्दी।

–अप्रार्थीगण–

**वाद पत्रः– अंतर्गत धारा 251 ए आर.टी एक्ट**

**उपस्थिति–**

**प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण**

**निर्णय दिनांक** 29.10.2021

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम चावण्डपुरा पटवार मण्डल समीधी तहसील नैनवां में भूमि खाता संख्या 38 के खसरा संख्या 219/0.4611, 234/1.4562, 237/0.8333, 299/0.2184, 300/0.3964, 301/1.1731, 375/0.0081, 557/0.1780 व 583/0.4126 है0 कुल किता 9 कुल रकबा 5.1372 है0 कृषि भूमि स्थित है। यह कि ग्राम चावण्डपुरा पटवार मण्डल समीधी तहसील नैनवां में भूमि खसरा संख्या 146 रकबा 0.9870 है0 कृषि भूमि स्थित है। यह कि प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित भूमि के खातेदार कृषक प्रार्थी एवं प्रत्यार्थी नन्दलाल व मदनलाल है परन्तु बाहमी विभाजन में भूमि खसरा संख्या 301 प्रार्थी के हिस्से में आई है जिस पर प्रार्थी ही बहैसियत खातेदार कृषक काबिज काश्त चला आ रहा है। यह कि प्रार्थना प... भूमि के खातेदार कृषक प्रत्यार्थीगण केसर, प्रेम, बद्रीलाल, माधो, सीता, सोहनी व हजारी ... प्रत्यार्थीगण रामनिवास, रामकरण, कमलेश, राजूलाल, श्योराज, बंटी ने अवैध व ... किया है जबकि भूमि अनुसुचित जाति

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyoram
Date: 2022.01.21 15:20:54 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

Scanned with CamScanner

...ती है, प्रत्यार्थीगण केसर, प्रेम, बद्रीलाल, माधो, सीता, सोहनी व हजारी सभी अनुसुचित जाति ...है। यह कि भूमि खसरा संख्या 1 जाने का आम रास्ता ग्राम चावण्डपुरा से चलकर खसरा ...295 की खाई में होता हुआ खसरा संख्या 146 की मेड पर होकर खसरा संख्या 301 पर पहुंचता ...इस रास्ते को नक्शा परिशिष्ट अ में लाल रंग से दर्शाया है। यह कि प्रत्यार्थीगण 1 लगायत 15 के ...में बदयानित आ गई है इस पर प्रत्यार्थीगण अवैध व अनाधिकृत रूप से गत सप्ताह से बलपूर्वक रास्ता अवरूद्ध कर करने पर आमदा है।। यह कि उक्त रास्ते के अलावा प्रार्थी के खाते की जमीन पर आने जाने का अन्य कोई रास्ता नहीं है। इसलिए प्रार्थी को अपने खाते की भूमि पर आने जाने व कृषि उपज लाने ले जाने के लिऐ रास्ता दिलाया जाना आवश्यक है। जिसकी राशि प्रार्थी नियमानुसार जमा करवाने को तैयार है। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में परिशिष्ट अ, नकल जमाबंदी, नकल नक्शा ट्रेस तथा शपथ–पत्र आदि पेश किये।

रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध में तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसके अनुसार प्रार्थी द्वारा चाहे गए रास्ते में भूमि खसरा संख्या 146 की भूमि उपयोग में आयेगी। यह कि खसरा संख्या 146 रकबा 0.9870 है0 में से रकबा 15 फीट • 145 फीट = 2175 वर्गफीट = रकबा 0.0202 है0 भूमि दिया जाना उचित होगा। यह कि प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाया गया है जिसका क्षेत्रफल 2175 वर्गफीट अर्थात रकबा 0.0202 है0 है।

हमने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, प्रस्तुत रिकॉर्ड दस्तावेज एवं रास्ता रिपोर्ट तहसीलदार नैनवां का अवलोकन किया। पत्रावली प्रशासन गांवों के संग अभियान केम्प कोर्ट समीधी में पेश हुई । उपस्थित पक्षकारान की प्रार्थना पत्र में बहस सुनी गयी। प्रार्थी को रास्ता दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। तहसीलदार नैनवां ने भी अपने जवाब/रिपोर्ट में प्रार्थी को प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस के अनुसार रास्ता दिया जाना उचित बताया है। ग्राम चावण्डपुरा पटवार मण्डल समीधी तहसील नैनवां में भूमि खाता संख्या 38 के खसरा संख्या 219/0.4611, 234/1.4562, 237/0.8333, 299/0.2184, 300/0.3964, 301/1.1731, 375/0.0081, 557/0.1780 व 583/0.4126 है0 कुल किता 9 कुल रकबा 5.1372 है0 कृषि भूमि पर पहुंचने के लिए खसरा संख्या 146 रकबा 0.9870 है0 में से रकबा 15 फीट • 145 फीट = 2175 वर्गफीट = रकबा 0.0202 है0 भूमि रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाया गया है जिसका क्षेत्रफल 2175 वर्गफीट अर्थात रकबा 0.0202 है0 है। जिसे नक्शा ट्रेस परिशिष्ट "क" में लाल स्याही से अंकित किया गया है, के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। जितनी भूमि रास्ते के उपयोग में आयेगी उतनी भूमि की कीमत का नियमानुसार प्रतिकर राजकोष में जमा होने के उपरान्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किया जावे। नक्शा परिशिष्ठ को परिशिष्ट 'क' नाम दिया गया है जो न्यायालय निर्णय का अभिन्न अंग होगा। तहसीलदार नैनवां को आदेशित किया जाता है कि मौके पर रास्ता बहाल कर नियमानुसार राजस्व रिकार्ड व राजस्व नक्शे में दर्ज किया जावें।

निर्णय आज दिनांक 29.10.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बूंदी)

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyoram
Date: 2022.01.21 15:20:54 IST
Reason: SelfAttested



Scanned with CamScanner